मुरादाबाद शहर सीट से भाजपा विधायक रितेश गुप्ता के भाई अमित गुप्ता की स्कूटी के आगे हमलावरों ने अपनी स्कूटी लगा कर उन्हें घेर कर हमला किया था। इस मामले में पुलिस ने सोमवार को हमले के आरोपी अभिषेक मल्होत्रा और अनमोल दिवाकर को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उन्होंने कबूला है कि चुनाव की रंजिश में साजिश रचकर हमला किया था।सोमवार की शाम पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। गलशहीद के गांधी नगर निवासी भाजपा विधायक रितेश गुप्ता के छोटे भाई अमित गुप्ता सराफा कारोबारी हैं। उनकी दुकान कोतवाली क्षेत्र के मंडी चौक में है।रविवार की शाम करीब साढ़े सात बजे वह दुकान से घर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि अभी उनकी स्कूटी दुकान से कुछ ही दूरी पर पहुंची थी। इसी दौरान उनकी स्कूटी के सामने तीन युवकों ने स्कूटी लगा दी। अमित गुप्ता को निकलने को जगह नहीं मिली तो उन्हें स्कूटी सवार युवक को टोक दिया था। आरोप है कि स्कूटी सवार युवकों ने उन पर हमला कर दिया। उनका गला दबाकर हत्या की कोशिश भी की।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

**मो. 9027776991**

**RNI NO- UPBIL/2021/83001**

**इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।**

ज़्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# सीएम डैशबोर्ड पर समाज कल्याण व पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के छात्रवृति से संबंधित पैरामीटर की हुई समीक्षा बैठक

## समस्त विद्यालयों पर लंबित डाटा के निस्तारण के दिये गए निर्देश




क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली । जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने सीएम डैशबोर्ड पर समाज कल्याण व पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के पूर्वदशम व दशमोत्तर छात्रवृति से संबंधित पैरामीटर की समीक्षा की । जिलाधिकारी ने बताया कि छात्रवृति का डाटा फॉरवर्ड ना होने के कारण सीएम डैश बोर्ड पर जनपद की रैंक प्रभावित हो रही है और ऐसे छात्र /छात्राये जिनको डाटा फारवर्ड ना होने के कारण छात्रवृति नहीँ मिल पायेगी उनका भविष्य भी प्रभावित हो रहा है। विद्यालयो में शिफ्टवार ड्यूटी लगाते हुए छात्रवृति का डाटा फॉरवर्ड कराने और फीडिंग की दिशा में काम करायें, सुबह और देर रात्रि में पोर्टल पर लोड कम होता है इसलिये उस समय पर विशेष रूप से काम कराया जाये।

जिलाधिकारी ने पाया कि बरेली कॉलेज की स्थिति छात्रवृति डाटा फीडिंग में खराब है जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जतायी और कार्य में तेजी से कार्य करने के निर्देश दिये। समस्त विद्यालयवार पेंडिंग डाटा को समीक्षा करते हुए विद्यालयों को 24 तारीख की रात्रि तक सारे आवेदनो का निस्तारण हर हाल में कराने के निर्देश दिये गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सहित विभिन्न विद्यालय के प्रतिनिधिगण आदि उपस्थित रहे।

# छह घंटे के अंतराल में दो मुठभेड़ , चार बदमाशों को लगी गोली, सराफा व्यापारी से की थी लूट



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। शेरगढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो जगहों पर हुई मुठभेड़ में चार बदमाशों को गिरफ्तार किया। चारों बदमाशों के पैरों में गोली लगी है। जवाबी कार्रवाई में पुलिस का एक सिपाही अंकित कुमार घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक इन बदमाशों ने एक दिसंबर को कस्बा शाही के मोहल्ला ठाकुरद्वारा निवासी सराफा व्यापारी सुभाष रस्तोगी के साथ शाही-शेरगढ़ मार्ग पर दिनदहाड़े लूट की थी। पुलिस के मुताबिक सोमवार को सुबह 11 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि दो बाइकों पर सवार चार लोग रम्पुरा रोड पर पिपोली नहर की पटरी के पास घूम रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर उन लोगों को पकड़ने का प्रयास किया। जिस पर उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की तो दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। इस दौरान दो बदमाश बाइक से भाग गए थे। वहीं मुठभेड़ में सिपाही अंकित कुमार हाथ में गोली छू जाने से घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक उक्त दोनों बदमाशों से दो तमंचे, चार कारतूस, सराफ से लूटे गए आभूषण, 47 सौ रुपये, दो मोबाइल फोन, बिना नंबर की बाइक बरामद हुई है। पूछताछ में एक बदमाश ने अपना नाम गिरीश पाल उर्फ गुड्डू निवासी ग्राम जंगबाजपुर थाना सिरौली और दूसरे ने लालता प्रसाद उर्फ नन्नकू निवासी ग्राम दुनका थाना शाही बताया। दोनों ने लूट की घटना को कबूल किया है। दोनों बदमाशों पर जिले व बदायूं समेत कई थानों में कई मुकदमे पंजीकृत हैं। पुलिस ने दो बदमाशों को किच्छा पुल के पास पकड़ा इसके बाद मुठभेड़ के दौरान बाइक से भागे दो अन्य बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस ने तीन टीमें में गठित कर क्षेत्र में अपना जाल बिछा दिया। जिन्हें पुलिस ने पनबड़िया गांव स्थित किच्छा नदी पर बने पुल के पास शाम पांच बजे के आसपास हुई मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। इन दोनों के भी पैरों में गोली लगी है। पुलिस ने इन बदमाशों से भी सोने-चांदी के आभूषण व दो तमंचे, कारतूस और बाइक बरामद की है।

# खेत में जलौनी लकड़ी लेने गई किशोरी के साथ छेड़छाड़. विरोध पर आरोपी ने किशोरी के साथ की मारपीट

क्यूँ न लिखूँ सच / पीलीभीत / पूरनपुर-पीलीभीत।खेत पर लकड़ी लेने गई एक किशोरी के साथ गांव के युवक ने अस्लील हरकतें की। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। युवक ने अपने भाईयों के साथ मिलकर शिकायत करने जा रही किशोरी और उसके परिजनों को दौड़ा दौड़कर पीटा। किशोरी ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना सेहरामऊ क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी सोमवार को खेत पर जलाने के लिए लकड़ी लेने गई थी। इस दौरान गांव का ही रहने वाला एक युवक पहुंच गया। किशोरी को अकेला पाकर उसने अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ की। किशोरी के विरोध करने पर युवक ने लात घूंसों से उसकी पिटाई लगाई। किशोरी ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना के बारे में बताया। इस पर किशोरी की मां अपने बेटे और बेटी के साथ पुलिस से शिकायत करने जा रही थी। आरोप है युवक अपने भाईयों के साथ पहुंच गया। उसने तीनों का रास्ते में रोककर उनके साथ बेल्ट और लात घूंसों से दौड़ा दौड़ाकर मारपीट की। आरोप है शिकायत पर किशोरी को उठा ले जाने की धमकी दी। मंगलवार को किशोरी को लेकर उसकी मां पूरनपुर पहुंची। उन्होंने सीओ को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

# बर्दाश्त नहीं किया जाएगा किसानों का उत्पीड़न



**फोटो - एसडीएम से वार्ता करती दिव्या गंगवार।**

क्यूँ न लिखूँ सच / पीलीभीत / बीसलपुर-पीलीभीत (एसएनबी)। नवीन मंडी समिति में 33 धान क्रय केंद्र संचालित हैं जिन पर मंडी समिति सचिव की मेहरबानी से केवल बिचौलियों के ही धान खरीदे जा रहे हैं केंद्र प्रभारी किसानों को बुलाकर फर्जी तरीके से अंगूठा लगवा रहे हैं और किसान का ट्रैक्टर ट्राली धानों से भरा खड़ा हुआ है जिसको देखते हुए सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव एवं विधानसभा 130 की पूर्व प्रत्याशी दिव्या गंगवार मंडी समिति पहुंची जहां पर किसानों से वार्ता कर किसानों का दर्द एसडीएम को बताया। नवीन मंडी समिति में काफी समय से सचिव नाजिम की मेहरबानी के चलते 33 धान क्रय केंद्रों पर बिचौलियों के धान खरीदे जा रहे हैं कई किसानों ने इसकी शिकायत सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव एवं विधानसभा 130 की पूर्व प्रत्याशी दिव्या गंगवार से की किसानों की समस्या को देखते हुए दिव्या गंगवार अपने पति चौधरी प्रदीप सिंह पटेल के साथ मंडी समित पहुंच गईं जहां पर उन्होंने किसानों से वार्ता कर एसडीएम नागेंद्र पांडे सचिव नाजिम से कहा कि किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा किसान खुले आसमान के नीचे धान लेकर खड़े हुए हैं और केंद्रों पर बिचौलियों के धान खरीदे जा रहे हैं जिस पर एसडीम ने आश्वासन दिया कि शाम तक किसानों के धान की तौल करा दी जाएगी उन्होंने मंडी सचिव से एक सप्ताह की तौल की फीडिंग उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए।

# जय हनुमान के उदघोष के गूंजा श्री हरि मंदिर





क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। श्री हरि मंदिर मॉडल टाऊन बरेली में मंगलवार को भक्तों की अपार भीड़ देखने को मिली । सुबह के सत्र में मंदिर के पंडित सुनील शास्त्री के द्वारा श्री हनुमान जी का विधिवत पूजन व श्रृंगार किया गया। भक्तजनों द्वारा मंगलवार को अपनी अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु पधारते है और श्री हनुमान जी की पूजा आराधना करते है । शाम के सत्र में श्री हरि संकीर्तन पुरुष मंडल द्वारा भजनों की रसधारा बहाई गई जिस मे रवि छाबड़ा ने है दुख भजन मारुति नंदन. ,संजय आनन्द ने आयो आयो वीर हनुमान..,पंकज ने मंगल मूर्ति मारुति नंदन.. .,सचिन सेठी द्वारा श्री राम ।जानकी बैठे है. और भाई सौरभ द्वारा राम न मिलेगे हनुमान के बिना.. जतिन दुआ द्वारा राम नाम के हीरे मोती . आदि आदि भजनों से सारा श्री हरि मंदिर प्रांगण भक्तिमय हो गया। उसके बाद सभी उपस्थित भक्तजनों द्वारा सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ हुआ और श्री हनुमान जी की सामूहिक आरती हुई, व शयन आरती के पाश्चात्य सभी भक्तजनों में भंडारा प्रसादी का वितरण हुआ। मंदिर सचिव रवि छाबड़ा ने बताया कि सामूहिक श्री हनुमान चालीसा व आरती विगत कई वर्षों से श्री हरि मंदिर प्रांगण में हो रही है,जिस में सभी आयु वर्ग में लोग सम्मिलित होते है, विशेष कर युवाओं का जागरूक होना विशेष है। आज के कार्यकम में मंदिर अध्यक्ष सुशील अरोरा,सचिव रवि छाबड़ा, अश्विनी ओबेरॉय,संजय आनन्द,गोविंद तनेजा,रंजन कुमार,अतुल कपूर,हरीश लुनियाल,अभिषेक अरोरा, राजेश अरोरा,अनुराग शर्मा,विजय चढ़ा आदि वा अन्य सदस्य उपस्थित रहे ।समापन पर मंदिर सचिव रवि छाबड़ा ने सभी भक्तजनों का आभार व्यक्त किया और सभी भक्तजनों को भंडारा प्रसाद वितरण किया गया।

# रुहेलखंड विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक केन्द्र के विद्यार्थियों का युवा उत्सव में शानदार प्रदर्शन




क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक विभाग ,बरेली द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय युवा उत्सव एवं विज्ञान मेला 2025 में महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर सर्वाधिक पुरस्कार जीत विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया। युवा उत्सव का विषय विकसित भारत @ 2047 रहा जिसमें पेंटिंग, कहानी लेखन, कविता लेखन ,डिक्लेमेशन ,मेला प्रदर्शनी, लोक नृत्य, लोकगीत आदि की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि बिथरी चैनपुर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा रहे। युवा उत्सव में रुहेलखंड विश्वविद्यालय सांस्कृतिक केंद्र के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में सर्वाधिक पुरस्कार अपने नाम किए ।जिसमें भाषण प्रतियोगिता में अनुराग गुप्ता ने प्रथम, दीपांशु दीप ने द्वितीय एवं सुनैना सक्सेना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।वहीं स्वरचित कविता लेखन में सुधांशु गंगवार ने प्रथम एवं दीपांशु दीप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।कहानी लेखन में सिम्मी पाठक ने द्वितीय स्थान एवं सौम्या गंगवार ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विश्विद्यालय का मान बढ़ाया। सभी छात्रों के शानदार प्रदर्शन पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी सिंह ने शुभकामनाएं प्रेषित कर आशीर्वाद दिया एवं कहा कि यह गर्व का विषय है कि हमारे सांस्कृतिक केंद्र के छात्र छात्राओं का प्रदर्शन लगातार हर क्षेत्र में शानदार और बेहतरीन होता जा रहा है और यह सफलताएं विश्वविद्यालय की गरिमा बढ़ाने के साथ नाम भी रोशन कर रही हैं । विद्यार्थियों की सफलता पर कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ,कुल सचिव श्री हरीश चंद, सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. ज्योति पाण्डेय , डॉ. इंद्रप्रीत कौर, डॉ. सौरव वर्मा, डॉ. रीना डॉ. अतुल कटियार , मीडिया सेल प्रभारी डॉ.अमित कुमार सिंह, श्री तपन वर्मा सहित विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों तथा कल्चरल क्लब के सभी सदस्यों द्वारा बधाई और शुभकामनाएं प्रदान की गई।

# किसानों का फूटा गुस्सा, गन्ने की होली जलाकर प्रशासन को दी खुली चुनौती



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली/नवाबगंज। गन्ना भुगतान की मार झेल रहे किसानों का सब्र आखिरकार टूट गया। मंगलवार को नवाबगंज तहसील परिसर उस वक्त सुलग उठा, जब महीनों से बकाया भुगतान न मिलने से आक्रोशित किसानों ने उग्र प्रदर्शन करते हुए गन्ने की होली जलाकर प्रशासन के खिलाफ ऐलान-ए-जंग कर दिया। पैनी नजर सामाजिक संस्था की अध्यक्ष एडवोकेट सुनीता गंगवार के नेतृत्व में चल रहा धरना आठवें दिन विस्फोटक हो गया। सुबह से ही तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांवों से किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में गन्ना भरकर तहसील पहुंचे। जैसे ही परिसर भरा, वैसे ही भुगतान दो-नहीं तो आंदोलन लो के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। किसानों का आक्रोश इस कदर बढ़ा कि उन्होंने तहसील परिसर में गन्ने की होली जलाकर सरकार, प्रशासन और गन्ना समिति के प्रति अपना गुस्सा जाहिर किया। स्थिति बेकाबू होती देख तहसील परिसर में मौजूद अधिकारी कार्यालय छोड़कर खिसकते नजर आए, जिससे किसानों का गुस्सा और भड़क उठा। किसानों का कहना था कि मेहनत की कमाई फंसी है, घर-परिवार भुखमरी के कगार पर हैं, लेकिन जिम्मेदारों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही। एडवोकेट सुनीता गंगवार ने दो टूक शब्दों में कहा, यह बेहद शर्मनाक है कि किसान अपनी ही उगाई हरी फसल जलाने को मजबूर है। यह प्रशासन की घोर संवेदनहीनता और किसान विरोधी रवैये का जीता-जागता सबूत है। अगर जल्द भुगतान नहीं हुआ तो यह आंदोलन तहसील से निकलकर जनआंदोलन बनेगा। प्रदर्शनकारियों ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों पर भी सीधा हमला बोलते हुए कहा कि चुनाव के समय किसान याद आते हैं, लेकिन संकट में कोई साथ खड़ा नहीं होता ।किसानों ने चेतावनी दी कि जब तक एक-एक रुपया भुगतान नहीं होता, तब तक न धरना रुकेगा और न ही आंदोलन।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### 48 महिलाओं को मिली परिचालक की नौकरी. परिणाम घोषित, एक सप्ताह की ट्रेनिंग

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। परिवहन निगम ने 98 महिलाओं का महिला संविदा परिचालक के पद का प्रणाम घोषित कर दिया है, जिसमें 48 महिलाओं का चयनित हुआ है। एक सप्ताह में विभाग इनको ट्रेनिंग कराकर संबंधित डिपो में पोस्टिंग कराएगा। जिससे परिचालकों चालकों की कमी को दूर होगी। दिसंबर के पहले सप्ताह में प्रदेश स्तर पर 19 रीजन में महिला संविदा परिचालक पद पर रीजन स्तर पर रोजगार मेला का आयोजन किया गया था। बरेली में आयोजित मेले में 98 महिलाओं ने आवेदन किए गए थे, जिसमें ट्रिपलसी, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड या किसी महिला समूह की सदस्यता का प्रमाण पत्र अनिवार्य था। 98 में 48 महिलाओ के आवेदन मानकों में सही पाए गए। जिसके आधार पर क्षेत्रीय प्रबंधक के नेतृत्व में पांच सदस्यीय कमेटी द्वारा चयनित 48 महिलाओं का परिणाम घोषित कर दिया गया। आरएम दीपक चौधरी का कहना है, प्रदेश में 1900 के आसपास महिलाओं की भर्ती को रोजगार मेला आयोजित किए गए थे। बरेली में 98 आवेदन आये। जिसमें 48 महिलाओं का चयन हुआ है। चयनित अभ्यर्थियों को पत्र जारी कर सूचित कर दिया है। जिससे चयनित महिलाएं विभाग में आकर अपनी ट्रेनिंग को पूर्ण करेंगी। एक सप्ताह की ट्रेनिंग होगी। इसके बाद महिलाओं को संबंधित डिपो में जॉइनिंग करा दी जाएगी।

### बोट बचाओ संविधान बचाओ पदयात्रा में बड़ी संख्या में भाग लेंगे भुता क्षेत्र के कार्यकर्ता

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / फरीदपुर बरेली। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में वोट बचाओ संविधान बचाओ पदयात्रा आगामी 21 दिसंबर को रामपुर से अमरोहा के लिए रवाना होगी जिसमें फरीदपुर के भुता ब्लॉक से बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता शामिल होंगे। उत्तर प्रदेश तिरंगा शाखा प्रमुख इंजीनियर जनक प्रसाद के नेतृत्व में आगामी 21 दिसंबर को आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में वोट बचाओ संविधान बचाओ पदयात्रा रामपुर से अमरोहा के लिए रवाना होगी जो 26 दिसंबर को अमरोहा पहुंचेगी। जिसमें फरीदपुर के भुता ब्लॉक से जिला मीडिया प्रभारी राजेश कुमार सिंह नरेश गंगवार मुनाजिर हुसैन यासीन अंसारी सहित लगभग 50 कार्यकर्ता जाएंगे। उक्त जानकारी तिरंगा शाखा उत्तर प्रदेश के सचिव यासीन अली ने दी है।

### प्रबंधक कमेटी के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत / मझोला-गुरुद्वारा गुरु कलगीधर सिंह सभा में आज प्रबंधक कमेटी के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में हर वर्ष की भांति निकाले जाने वाले विशाल नगर कीर्तन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कमेटी द्वारा जानकारी दी गई कि यह नगर कीर्तन 4 जनवरी को परंपरागत रूप से निकाला जाएगा, जिसका क्षेत्रवासियों को हर वर्ष बेसब्री से इंतजार रहता है। बैठक में गुरुद्वारा के ग्रंथि ज्ञानी गुरजंट सिंह ने बताया कि शहीदी दिवसों के अवसर पर 20 दिसंबर से 27 दिसंबर तक प्रतिदिन अमृत वेले सतनाम वाहेगुरु के जाप का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत 28 दिसंबर से 3 जनवरी तक नगर में प्रभात फेरियों का आयोजन होगा, जिसमें संगत बड़ी संख्या में सहभागिता करेगी। उन्होंने बताया कि 4 जनवरी को भव्य एवं ऐतिहासिक नगर कीर्तन निकाला जाएगा, जबकि 5 जनवरी को गुरुद्वारा साहिब में रखे गए अखंड पाठ का भोग संपन्न होगा। कमेटी ने स्पष्ट किया कि सभी धार्मिक कार्यक्रम पूर्व निर्धारित तिथियों के अनुसार ही संपन्न कराए जाएंगे। बैठक के दौरान प्रबंधक कमेटी ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इन धार्मिक समागमों को सफल बनाएं, ताकि यह नगर कीर्तन एक ऐतिहासिक यात्रा के रूप में यादगार बन सके।

### मिशन शक्ति के अंतर्गत पुलिस ने छात्राओं को किया जागरूक

क्यूँ न लिखूँ सच / पीलीभीत / बीसलपुर-। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत दियोरिया पुलिस द्वारा एजीएम इंटर कॉलेज बिहारीपुर हीरा में छात्राओं को जागरूक किया गया। दियोरिया कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक गौतम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एजीएम इंटर कॉलेज बिहारीपुर हीरा में पहुंचकर महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों की विस्तृत जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं को बताया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, पीछा करने और अश्लील हरकतों के खिलाफ कानून सख्त है। उन्होंने निर्भया एक्ट, महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन नंबर 112 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में भी जानकारी दी ताकि जरूरत पड़ने पर महिलाएं बिना संकोच तत्काल सहायता प्राप्त कर सकें। इसके साथ ही महिला संबंधी साइबर अपराधों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया।

## पाठ्यक्रम के व्यवहारिक ज्ञान और समझ विकसित करने महाविद्यालयीन विद्यार्थियों ने किया पंडोपारा का भ्रमण




क्यूँ न लिखूँ सच / शासकीय नवीन महाविद्यालय ओड़गी के बीए तृतीय सेमेस्टर के समस्त विद्यार्थियों ने महाविद्यालय पास स्थित पंडो बस्तियों का अध्ययन पाठयक्रम और विषय ज्ञान में वृद्धि करने हेतु भ्रमण किया विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम में समाहित छत्तीसगढ़ की जनजाति संस्कृति के व्यावहारिक पक्ष को समझने और जानने हेतु विद्यार्थियों ने पंडो समुदाय के प्रत्येक परिवार के सदस्यों से बातचीत की और उनसे उनके जीवन शैली रहन-सहन वेशभूषा परिवार के क्रियाकलाप आदि के बारे में जाना साथ ही पंडो समुदाय में जन्म,मृत्यु विवाह संस्कार लोक नृत्य लोक संगीत खान पान व धार्मिक व आर्थिक राजनीतिक पक्ष के बारे में जानकारी प्राप्त की पांडू बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता को जानने हेतु पंडो बस्ती में स्थित प्राथमिक शाला पंडोपारा भी विद्यार्थियों का दल पहुंचा उक्त भ्रमण समाजशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक रंजीत कुमार सातपुते की अगुवाई में कराया गया

## दो दिनों से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल, बिजली की मांग को लेकर चांदनी-बिहारपुर में उफान पर जनआंदोलन

### कई बार मांग के बावजूद नहीं मिला समाधान, हड़ताल स्थल से 500 मीटर तक फैली हजारों की भीड़




क्यूँ न लिखूँ सच / चांदनी-बिहारपुर। चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में वर्षों से लंबित विद्युत आपूर्ति की मांग को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। 15 दिसंबर से शुरू हुई अनिश्चितकालीन हड़ताल आज दूसरे दिन भी लगातार जारी है। बिजली की मांग को लेकर हजारों की संख्या में ग्रामीण एकजुट होकर आंदोलन में शामिल हुए, जिससे पूरा क्षेत्र जनआंदोलन के रंग में रंगा नजर आया।

ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने बताया कि बिजली विस्तार की मांग को लेकर कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समक्ष आवेदन, ज्ञापन और मांग पत्र सौंपे गए, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। ठोस कार्रवाई नहीं होने से आक्रोशित होकर ग्रामीणों को अनिश्चितकालीन हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा।

हड़ताल स्थल पर स्थिति यह रही कि हजारों की संख्या में जुटी भीड़ हड़ताल स्थल से लगभग 500 मीटर दूर तक फैल गई, जिससे साफ तौर पर जनसमर्थन का अंदाजा लगाया जा सकता है। महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों और छात्रों की बड़ी भागीदारी ने आंदोलन को और मजबूती प्रदान की।

आंदोलनकारियों ने बताया कि महुली, कोल्हूआ, चोगा, खैरा, कैलाशनगर, छतरंग, बाक, असुरा, पालकेवरा, खोहीर, रामगढ़, उमझर, रसौकी, बैजनपाठ, लूल्ह, तेलाईपाठ, भून्डा, कछवारी, जूडवनीया, बसनरा, नवडीहा, कछिया, परसा, सहित लगभग दो दर्जन गांवों में आज तक बिजली नहीं पहुंच पाई है।

बिजली के अभाव में ग्रामीण जीवन पूरी तरह प्रभावित हो चुका है। बच्चों की पढ़ाई मोमबत्ती और लालटेन के सहारे हो रही है, वहीं स्वास्थ्य सेवाएं भी बाधित हैं। रात के समय गांवों में अंधेरा रहने से असामाजिक गतिविधियों का भय बना रहता है। मोबाइल चार्जिंग, पानी की आपूर्ति, कृषि कार्य और छोटे रोजगार भी बिजली के बिना ठप पड़े हैं।

धरना स्थल पर वक्ताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि क्षेत्र के मूलभूत अधिकार – बिजली – को लेकर है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक सभी विद्युतविहीन गांवों में बिजली पहुंचाने की लिखित घोषणा और कार्य प्रारंभ नहीं किया जाता, तब तक यह अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी।

दो दिनों से जारी इस हड़ताल के कारण प्रशासन पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन अभी तक कोई ठोस आश्वासन नहीं मिलने से आंदोलनकारियों में नाराजगी बनी हुई है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप कर समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग की है।

## एसपी ने ग्राम प्रहरियों के साथ की गोष्ठी



क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती जनपद में ग्रामीण स्तर पर कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व प्रभावी बनाए जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के नेतृत्व में पुलिस लाइन परिसर में जनपद के ग्राम प्रहरियों की एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्राम प्रहरियों की भूमिका को ग्राम सुरक्षा की पहली कड़ी बताते हुए उनके दायित्वों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्राम प्रहरियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने ग्राम क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखें असामाजिक तत्वों की सूचना समय से पुलिस को उपलब्ध कराएं तथा ग्रामीणों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए पुलिस जन सहयोग को और अधिक मजबूत बनाएं उन्होंने अनुशासन, निष्ठा एवं कर्तव्यपरायणता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। गोष्ठी के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने 63 ग्राम प्रहरियों को साइकिल का वितरण किया साइकिल उपलब्ध कराए जाने से ग्राम प्रहरियों की गतिशीलता बढ़ेगी तथा वे अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक प्रभावी ढंग से भ्रमण व निगरानी कर सकेंगे, जिससे ग्रामीण सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।

## एसएसबी का सराहनीय प्रयास – प्री रिक्रूटमेंट ट्रेनिंग का शुभारंभ एवं प्रमाण पत्र वितरण




क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती अमरेंद्र कुमार वरुण, कमान्डेंट 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, भिनगा के दिशा-निर्देशन एवं ललेंद्र रत्नाकर, द्वितीय कमान अधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति में माननीय विधायक श्रीमती इंद्राणी वर्मा (मुख्य अतिथि) के कर-कमलों द्वारा सीमा चौकी भरथा के कार्यक्षेत्र अंतर्गत अबू असीम इंटर कॉलेज, परसोहना में 250 सीमावर्ती युवक एवं युवतियों के लिए बल में भर्ती हेतु दो सप्ताह के प्री रिक्रूटमेंट ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर माननीय विधायक श्रीमती इंद्राणी वर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम सीमावर्ती क्षेत्र के युवाओं को अनुशासन, आत्मविश्वास एवं राष्ट्रसेवा की भावना से ओत-प्रोत कर उन्हें सशस्त्र बलों में भर्ती के लिए सशक्त बनाते हैं। उन्होंने एसएसबी द्वारा युवाओं के सर्वांगीण विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान दिनांक 25 नवम्बर 2025 से 8 दिसम्बर 2025 तक आयोजित प्री रिक्रूटमेंट ट्रेनिंग में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 250 युवक एवं युवतियों को माननीय विधायक श्रीमती इंद्राणी वर्मा एवं श्री ललेंद्र रत्नाकर, द्वितीय कमान अधिकारी के द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रमाण पत्र प्राप्त कर प्रशिक्षणार्थियों में विशेष उत्साह एवं गर्व का भाव देखने को मिला।

इस अवसर पर एसएसबी के अधिकारी, जवान, विद्यालय के शिक्षकगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य सीमावर्ती युवाओं को बल में भर्ती हेतु शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक रूप से तैयार करना रहा।

## मुख्यमंत्री/प्रधानमंत्री/धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री,बागेश्वर धाम सरकार को पत्र लिखा

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रवीण शर्मा/ विधानसभा के शीतकालीन सत्र में छत्तीसगढ़ सरकार (मुख्यमंत्री)द्वारा गो-माता को राज्य माता घोषित ना करने पर जीवन लाल साहू (एक छोटा सा गौ-प्रेमी,गो-सैनिक)ने कहा गो माता के नाम पर अपनी एक उंगली काटकर आहुति दूंगा 18 दिसंबर को . साहू ने एक विनय पत्र के साथ लिखा कि मैं गिरौधपुरी धाम से गौ-प्रेमी जीवन लाल साहू, राज्य एवं समाजहित में गो-माता को राज्य माता घोषित किए जाने की मांग कर रहा हूँ। इस संबंध में मैंने बाबा गुरु घासीदास एवं चितराम नाम महाराज की जयकार कर अपना एक वीडियो संदेश भी जारी कर छत्तीसगढ़ सरकार से अपनी विनती प्रकट की है। मुख्यमंत्री से भी गुहार लगा कर पत्र लिखा पूर्व में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री,बागेश्वर धाम (महाराज) के द्वारा भी आपसे गो-माता को राज्य माता घोषित करने का आग्रह किया गया था,जिस पर आपने लाखों जनसमूह एवं मीडिया की उपस्थिति में विधानसभा के शीतकालीन सत्र में इसे पूरा करने का आश्वासन दिया था।विदित है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र 14 दिसंबर 2025 से 17 दिसंबर 2025 तक प्रस्तावित है। मेरा विनम्र प्रश्न है कि जब 7 दिनों में बड़े-बड़े कार्य संपन्न हो सकते हैं, तो गो-माता को 7 दिनों में राज्य माता का दर्जा क्यों नहीं दिया जा सकता। पत्र मे लिखा में 1 अगस्त से इस विषय पर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहा हूँ। सभी जाति,धर्म एवं पंथ के लोगों की सहभागिता से अब तक राज्य के विभिन्न जिलों से लगभग 7 लाख पत्र आपको प्रेषित किए जा चुके हैं तथा अनेक रैलियाँ भी आयोजित हुई हैं। जनभावनाएँ अत्यंत प्रबल हैं। वर्तमान में चरागाहों पर अतिक्रमण एवं सड़क दुर्घटनाओं के कारण गौवंश को गंभीर कष्ट हो रहा है। गौवंश भी संवेदनशील हैं और शास्त्रों और हमारे परिवार में हमारी पुजनिय माँ है; उनके लिए त्वरित उपचार एवं सुरक्षित आश्रय की व्यवस्था समय की आवश्यकता है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विनम्र निवेदन कर लिखा कि राज्यहित में इस शीतकालीन या विशेष सत्र/उचित विधायी प्रक्रिया के माध्यम से गाय माता हमारी माँ को राज्य माता का दर्जा प्रदान किया जाए,ताकि यह निर्णय इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठों में अंकित हो। साथ ही, जनभावनाओं की तीव्रता को दृष्टिगत रखते हुए, यह भी निवेदन है कि यदि निर्धारित समयावधि में निर्णय नहीं होता है,तो मेरे जैसे हज़ारों आंदोलनरत गो सेनिको/ जनमानस में आक्रोश बढ़ सकता है। पूर्व में भी एक गौ-प्रेमी/ समाजसेवी /गो सेनिक आदेश सोनी द्वारा गो-माता को राज्य माता का सम्मान मे अपने शरीर का एक अंग काट कर अत्यंत कठोर कदम उठाए जाने का उदाहरण सामने आ चुका है।*ऐसी किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने हेतु समयबद्ध निर्णय अपेक्षित कर्ता हूँ और लिखा माननीय मुख्यमंत्री जी आप अपनी छत्तीसगढ़ में सेवायात्रा के दो वर्ष पूरे कर रहे है,तो हमारा मन गो माता को न्याय दिलवाने के लिए अपार भावनाओं से भरा हुआ है। क्योंकि यह समय केवल शासन का नहीं गोमाता के न्याय के सेवा और समर्पण का भी है। आपके साथ चलने का,आपकी मुस्कान में अपने गो माता के प्रति दायित्व का प्रतिबिंब देखने का अवसर भी है। आप से बार बार गुहार लगा ये जीवनलाल साहू पुकार लगा कर कह रहा है आप गो माता के प्रति जनता और गो सेवको/गो-सेनिको की उम्मीदें धुंधलि ना पड़ने दे गौ माता के लिए सुरक्षा, संरक्षण,संवर्धन और सम्मान की दिशा में नए कदम उठाए जाये,ताकि हर घर में आत्मविश्वास और स्वावलंबन का वातावरण बने।विनय पत्र मे लिखा सभी प्रयासों के बीच सबसे बड़ा परिवर्तन यह समझ आ रहा है कि शासन अब जनता के द्वार पर है। प्रशासन और लोगों के बीच जो दूरी कभी रही,वह अब सहभागिता में बदल रही है। मुझे गर्व है कि छत्तीसगढ़ आज विश्वास और स्थिरता के एक नए अध्याय/ प्रगति की ओर बढ़ रहा है। आप भी एक कदम गो माता के नाम बढ़ कर गो-माता को समाननीय पद से अंलकरत करें!

क्यूंकि ये सरकार भी हिन्दूतव और गो माता को आगे कर सता मे आई है ! जीवन साहू ने लिखा गो माता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और भी सशक्त है और रहेगी।आने वाले वर्षो में हम गो माता के लिए सासन के साथ मिलकर और भी तीव्र गति से काम करेंगे। हमारा लक्ष्य है ऐसा छत्तीसगढ़,जो आत्मनिर्भर हो,जहाँ हर वर्ग को अवसर मिले,गो उत्तपादो को बड़ावा मिले,हर गो-सेनिक को छत्तीसगढ़ के अपने मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री पर गर्व हो और हर नागरिक को यह विश्वास हो कि उसका शासन प्रशासन उसके साथ खड़ा है। जीवन लाल साहू ने पत्र मे लिखा सबसे यही अपेक्षा करता हूँ कि आप इस विधानसभा के शीतकालीन सत्र में गो-माता को राज्य माता का दर्ज दिला कर हमारे 9 मुख्य बीन्दू भी लागु करेंगे जो हम आपसे लाखों पत्ररों से मांग करते आ रहे है,आप अपनी विकास यात्रा में गो-सेनिको के सुझावों,अपने परिश्रम और अपने गो सेनिको के विश्वास से हमारा मार्ग रोशन करते रहेंगे ।

आपकी शक्ति ही हमारी आस्था है,और आपका सहयोग ही छत्तीसगढ़ के सुनहरे भविष्य की गारंटी है। जीवन लाल साहू ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री को पत्र लिख कर कहा शीतकालीन सत्र में गो-माता को राज्य माता का दर्जा नहीं दिया गया,तो मे जीवन लाल साहू 18 दिसंबर 2025 को गो-माता के नाम पर अपनी एक उंगली काटकर आहुति देने जैसा कठोर कदम उठाने को विवश हूं। साथ ही देश के प्रधानमंत्री से भी हाथ जोड़कर विनम्र निवेदन किया गया है कि आप गो-माता को राज्य माता का दर्जा दिलाने में हस्तक्षेप कर सामने आए।

## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग अपहरण व दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला, आरोपी न्यायिक रिमांड



क्यूँ न लिखूँ सच / 20 नवंबर 2025 को ग्राम भंवरखोह निवासी प्रार्थी विजय यादव, पिता स्वर्गीय शंकर यादव द्वारा थाना वर्गी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। रिपोर्ट में बताया गया कि उनकी नाबालिग पुत्री को ग्राम इंदरपुर निवासी आबिद हुसैन पिता मोहम्मद एजाज एवं उसके मित्र योगेश राजवाड़े पिता शिवचरण राजवाड़े द्वारा बहला-फुसलाकर मोटरसाइकिल में बैठाकर ले जाया गया। आरोप के अनुसार आरोपी पीड़िता को पहले अंबिकापुर रेलवे स्टेशन छोड़कर गए, जहां से योगेश राजवाड़े अपने घर इंदरपुर लौट आया। इसके बाद आबिद हुसैन पीड़िता को अंबिकापुर से दुर्ग होते हुए रायपुर तथा वहां से बोईसर (जिला पालघर, महाराष्ट्र) ले गया। बोईसर में किराये के मकान में रखकर आरोपी द्वारा पीड़िता के साथ जबरन गलत कार्य किए जाने का आरोप है। पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए दिनांक 9 दिसंबर 2025 को आरोपी एवं अपहृत नाबालिग बालिका को बोईसर से दस्तयाब किया गया। इसके पश्चात 14 दिसंबर 2025 को आरोपी आबिद अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जिला जेल सूरजपुर भेजा गया है। वहीं विधि के विरुद्ध संघर्षरत बालक को बाल संप्रेक्षण गृह, अंबिकापुर में दाखिल किया गया है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी कुदरगढ़ ज्ञानचंद सिंह, आरक्षक निलेश जायसवाल एवं आरक्षक भोले शंकर राजवाड़े की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस मामले की विवेचना गंभीरता से कर रही है।

### भीषण ठंड से राहत दिलाने के लिए गरीबों का मसीहा बना रोटेरी क्लब आफ फर्रुखाबाद की टीम




क्यूँ न लिखूँ सच / श्याम जी कश्यप/फर्रुखाबाद भीषण ठंड से राहत दिलाने के लिए गरीबों का मसीहा बना रोटेरी क्लब आफ फर्रुखाबाद की टीम जरुरतमंद गरीब परिवारों के लिए बना रोटेरी क्लब रविवार को भट्टे पर मजदूरों को बांटे कम्बल व कपड़े शहर के ग्रामीण क्षेत्र व शहरी क्षेत्रों में गरीब परिवारों के लिए बना रोटेरी क्लब आफ फर्रुखाबाद की टीम जरुरतमंद गरीब परिवारों के लिए रोटेरी क्लब आफ फर्रुखाबाद की टीम हर जगहों पर कर रही ठंड से राहत दिलाने का कार्य भट्टे मजदूर को कपड़े व कम्बल मिलने पर चहरे पर खुशी की लहर वही डाक्टर प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि रोटेरी क्लब को सफल बनाने में काम कर रही टीम इस अवसर पर डा वी के गुप्ता , रोटेरियन दीपक खन्ना, रोटेरियन मनोज कपूर, डा प्रशांत श्रीवास्तव,व मोनिका खन्ना,रितू गुप्ता,लकी गुप्ता मौके पर पहुंचे रहे मामला फतेहगढ़ के महरुपुर स्थित सिद्धी विनायक ईंट भट्टे का

### बिजली बिल वसूली टीम पर हमला, ईंट-पत्थर बरसाए




क्यूँ न लिखूँ सच / कमालगंज थाना क्षेत्र के अमानाबाद गांव में बिजली बिल वसूली के दौरान बकायादार उपभोक्ता ने सरकारी टीम पर हमला कर दिया। 19,438 रुपये के बकायेदार विजय बहादुर के घर पहुंची वसूली टीम बिल जमा करने को कहने पर गाली-गलौज व हाथापाई उपभोक्ता ने छत से ईंट-पत्थर फेंककर टीम पर किया हमला मौके पर अफरा-तफरी, सरकारी कार्य में गंभीर बाधा टीजी-द्वद्व चंदन कुमार की तहरीर पर उपभोक्ता के खिलाफ सरकारी काम में बाधा व हमले की शिकायत दर्ज मदनचंद्र ने भी थाने पहुंचकर दी सूचना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार बोले- जांच जारी, दोषी पर होगी सख्त कार्रवाई सवाल- बकाया वसूली में लगे सरकारी कर्मचारियों की सुरक्षा कितनी सुनिश्चित?

# Not just heels, these 9 styling hacks can also make you look taller and more confident.

Many people are underconfident about their short height. But if you don't want to appear taller solely with the help of heels, you can still look taller and more confident by keeping a few tips in mind when styling yourself. Let's learn about these styling tips. With the right styling tips, you can make yourself appear taller. These tips also help enhance your personality. These styling tips also help you look sharp and professional. Every person's personality is reflected in their confidence and style. However, people with short height often think that their personality will appear less impressive to others. But the truth is that height is only one factor. With the right clothing, body language, and styling, you can also make yourself appear taller and attractive. If you often feel self-conscious about your height, stop worrying because by adopting a few smart tricks, you can easily look taller. Let's explore some such easy tips. Smart Tricks to Make Yourself Look Taller Wear clothes with vertical stripes - Vertical lines draw the eye upward, making you appear taller. When choosing shirts, kurtas, or pants, prioritize striped patterns. Choose fitted clothes - Wearing clothes that are too loose or oversized can make you appear shorter. Well-fitting clothes not only make you look taller but also smarter. Adopt a monochrome look - Wearing clothes in a single color makes the body appear longer and slimmer. For example, monochrome styles in black, navy blue, or gray accentuate height. Wear high-waisted pants - Low-waisted pants make the legs appear shorter. High-waisted pants make the legs appear longer and give a balanced overall appearance. Wear shoes with heels or elevated soles - Both men and women can wear shoes with light heels or thick soles. These not only increase height but also make you more confident. Choose the right hairstyle- People with short height should choose haircuts that give volume from the top, like layers or puffs. This makes the face look longer and the personality also appears sharp. Stand straight and improve your body posture- Walking or sitting bent can make you look even shorter. Always stand straight and walk with confidence. Correct body posture improves your look. Take care of accessories- Very big bags or oversized accessories can make your height appear even shorter. Therefore, use slim and minimal accessories. Avoid long jackets or coats- Wearing very long coats or jackets further suppresses the height. Instead, wear short or mid-length jackets.





# Brushing alone isn't enough; if you want to keep your teeth cavity-free, learn the right care routine.

Healthy teeth not only enhance facial beauty but are also essential for self-confidence and digestion. Negligence can lead to cavities and gum problems. Therefore, brushing alone isn't enough for healthy teeth; it's also essential to adopt some healthy dental care habits. Brushing alone isn't enough for dental care; poor dental care can lead to cavities and bad breath. Our smile not only enhances facial beauty but also enhances self-confidence and personality. Healthy and strong teeth make chewing, speaking, and digestion easier. However, neglect can quickly lead to various oral problems, such as cavities, gum inflammation, weakening, or yellowing. However, brushing alone isn't enough to prevent these problems. Adopting some healthy dental habits is essential for proper dental care. Let's learn about some healthy habits that can help keep your teeth healthy throughout your life. How to take proper care of your teeth? Brush twice a day - It's important to brush first thing in the morning and before bed. Going to bed without brushing your teeth at night encourages bacteria growth and increases the risk of cavities. Use proper technique - When brushing, brush gently in circular motions for 2-3 minutes. Brushing vigorously or using a hard brush can damage tooth enamel and gums. Floss daily - Flossing removes dirt and plaque trapped between teeth that brushing alone cannot remove. It's also beneficial for gum health. Use mouthwash - Antibacterial mouthwash kills bacteria and keeps breath fresh. This is especially important for those with bad breath. Limit sugar intake - Eating too much sugar can cause a buildup of bacteria on the teeth, which can weaken them by producing acid. Avoid cold drinks and candy. Eat a nutrient-rich diet - Calcium, phosphorus, and vitamin D are essential for teeth. Milk, yogurt, cheese, almonds, green vegetables, and sesame seeds are good sources. Drink plenty of water - Drinking water after meals removes particles trapped between teeth and maintains the pH balance of the mouth. Water also activates saliva,

# Say goodbye to dull skin! Make these 4 natural face scrubs at home this winter for glowing, soft skin.

Cold air dries out skin. This causes dead skin cells to accumulate. If regular exfoliation isn't performed, the face can appear dull and lifeless. Therefore, try some homemade scrubs to remove dead cells. Dead skin cells can make the skin appear dry and lifeless. Regular exfoliation is essential to maintain glowing skin. You can make some natural face scrubs at home. Winter brings with it cool breezes and pleasant weather, but it also brings many challenges for the skin. Cold and dry air can make the skin dry and lifeless, leading to the accumulation of dead cells. These dead cells can further worsen the dryness of the skin. Therefore, using a face scrub can prove to be extremely effective in eliminating these skin problems. Commercial scrubs may contain chemicals that can be harmful to the skin. Therefore, natural and homemade face scrubs are a better option for skin care in winter. Let's learn about such homemade face scrubs. Yogurt and Oatmeal Scrub - This scrub is extremely beneficial for dry winter skin. Yogurt contains lactic acid, which helps remove dead cells and moisturize the skin. Oatmeal is a natural exfoliant that gently cleanses the skin. To make it, mix two teaspoons of oatmeal with one teaspoon of yogurt to form a paste. Gently massage this paste onto the face in circular motions for 2-3 minutes, then rinse with cold water. This scrub will cleanse the skin of impurities and dead cells, giving it a natural glow. Honey and Brown Sugar Scrub - Honey is a natural moisturizer and antibacterial agent that nourishes and softens the skin. Brown sugar granules easily remove dead cells from the skin. To prepare this scrub, mix one teaspoon of honey with one teaspoon of brown sugar and apply it to your face, massaging gently. Rinse off with lukewarm water after 5 minutes. This scrub will not only remove dead skin cells but also help retain moisture. Banana and Cinnamon Scrub - Banana is rich in vitamins and minerals, which nourish and hydrate the skin. Cinnamon has antioxidant and antibacterial properties, which increase blood circulation and help remove dead skin cells. Mash half a banana and add half a teaspoon of cinnamon powder. Apply this mixture to your face and let it dry for 10 minutes, then gently scrub and wash it off. Regular use of this scrub will leave your skin soft and glowing. Coconut Oil and Coffee Scrub - Coconut oil is an excellent winter moisturizer, deeply hydrating the skin. The caffeine in coffee increases blood circulation and helps remove dead skin cells. Make a paste by mixing one teaspoon of finely ground coffee with one teaspoon of coconut oil. Apply it to your face, massage for 5-7 minutes, and then rinse with lukewarm water. This scrub will exfoliate and nourish your skin.

